जामताड़ा में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, छापेमारी में भारी मात्रा में नकली शराब जब्त - Illegal Liquor Factory

जामताड़ा: अवैध शराब फैक्ट्री का जामताड़ा पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब के साथ शराब बनाने में उपयोग में लायी जाने वाली स्पिरिट, रैपर और बोतलें बरामद की हैं. कार्रवाई की पुष्टि जामताड़ा एसडीपीओ विकास आनंद लागोरी ने की है

मुचायडीह गांव में की गई छापेमारी

उन्होंने बताया कि जामताड़ा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के मुचायडीह गांव अवैध तरीके से शराब बनाई जा रही है. सूचना सत्यापन के बाद पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई. जिसमें मौके से भारी मात्रा में नकली शराब और शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली सामग्री जब्त की गई है. हालांकि मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

नकली शराब बिहारी भेजने की थी तैयारी

एसडीपीओ ने बताया कि नकली शराब बिहार भेजने की तैयारी की जा रही थी. लेकिन इससे पहले पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब की खेप जब्त कर ली. जब्त नकली विदेशी शराब की कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई है.

मनोज मंडल करता था शराब फैक्ट्री का संचालन

जामताड़ा एसडीपीओ ने बताया कि अंतरराज्यीय स्तर के शराब तस्कर मनोज मंडल द्वारा जामताड़ा थाना क्षेत्र के मोचायडीह गांव के पास जंगल में अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री खोली गई थी. जहां नकली शराब बनाने का काम किया जाता था.

पुलिस ने मनोज मंडल सहित अन्य पर केस दर्ज किया

एसडीपीओ ने बताया कि शराब तस्कर मनोज मंडल हाल के दिनों में ही जेल से छूटा था. जेल से छूटने के बाद उसने फिर से यह धंधा शुरू कर दिया.उन्होंने बताया कि मामले में मनोज मंडल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी क लिए छापेमारी कर रही है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/jamtara-police-busted-illegal-liquor-factory-huge-quantity-of-fake-liquor-seized-jharkhand-news-jhs24090105728